पत्रांक–14/निजी–939/2024– /सा0प्र0

**बिहार सरकार**

**<u>सामान्य प्रशासन विभाग</u>**

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– /02/2026

विषयः– **श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–482/24, आप्त सचिव (सरकारी), माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान सभा, पटना के प्रभार रहित अवधि के विनियमन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मंत्रिपरिषद् विघटन के उपरान्त माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद से स्वतः प्रभार त्याग कर श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–482/24 द्वारा दिनांक–20.11.2025 के पूर्वाह्न में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान दिया गया है।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–23371, दिनांक–15.12.2025 द्वारा श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0 को श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर पदस्थापित किया गया। उक्त अधिसूचना एवं मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–945, दि0–29.12.2025 के आलोक में श्री कुमार द्वारा दिनांक–30.12.2025 के पूर्वाह्न में अधिसूचित पद का स्वतः प्रभार ग्रहण किया गया।

3. इस प्रकार श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0, दिनांक–20.11.2025 से दिनांक–15.12.2025 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे तथा दिनांक–16.12.2025 से दिनांक–29.12.2025 तक प्रभार रहित अवधि में रहे।

4. अतः श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान सभा, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–482/24 का दिनांक–20.11.2025 से दिनांक–29.12.2025 तक प्रभार रहित अवधि को निम्नलिखित रूप में विनियमित किया जाता हैः–

(क) दिनांक–20.11.2025 से दिनांक–15.12.2025 तक–मौलिक नियमावली के नियम 9 (6) (बी) (iv) जो बिहार सेवा संहिता के नियम–14 (बी) के सदृश है, के तहत पदस्थापन हेतु अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के रूप में।

(ख) दिनांक–16.12.2025 से दिनांक–29.12.2025 तक बिहार सेवा संहिता के नियम–263 के तहत पद ग्रहण काल विस्तार के रूप में।

उक्त अवधि में श्री प्रीतम कुमार को कोटि वेतन देय होगा।

5. प्रस्ताव में विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–14/निजी–939/2024– 3086 /सा0प्र0, पटना–15, दिनांक– 13 /02/2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/श्री प्रीतम कुमार, बि0प्र0से0, आप्त सचिव (सरकारी), माननीय नेता विरोधी दल, बिहार विधान सभा, पटना/प्रबंधक, आई0टी0, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाइट एवं संबंधित पदाधिकारी के सेवा इतिहास पोर्टल पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/02.2026

सरकार के उप सचिव।